10. क्रिया

किसी काम का करना या होना क्रिया कहलाता है। जो शब्द काम का करना बताते हैं, वे क्रिया शब्द होते हैं। कुछ काम मानव, पशु-पक्षी आदि द्वारा किए जाते हैं तो कुछ कार्य प्रकृति द्वारा स्वयं ही होते हैं। जैसे– हवा का चलना, बारिश का होना आदि।

शिक्षण-संकेत

- ❖ शिक्षक/शिक्षिका बच्चों को क्रिया के बारे में बताएँ। पाठ पृष्ठ पर दी गई क्रिया की पंक्तियाँ पढ़ें और समझाएँ। तदुपरांत पृष्ठ पर दिए चित्र को दिखाकर पूछें, चित्र में क्या हो रहा है, कौन-कौन क्या कर रहा है।
- ❖ चित्र पर बातचीत करते हुए नीचे दिए गए रिक्त स्थानों को बच्चों से ही भरवाते जाएँ।
- ❖ एक बार फिर चित्र के वाक्य पढ़वाएँ तथा बताएँ, पानी देना, डालना, मँडराना, बैठना, देखना, आवाज़ करना ये सभी काम वाले शब्द हैं यानी ये क्रिया हैं।
- ❖ बच्चों से जानें, वे प्रतिदिन घर पर क्या-क्या काम करते हैं। उनकी माता जी क्या-क्या काम करती हैं आदि बातचीत द्वारा क्रिया समझाएँ।
- ❖ पाठ पृष्ठ 46 पर दिए वाक्यों को पढ़वाएँ तथा क्रिया का अभ्यास करवाएँ।
- ❖ पाठ पृष्ठ 47 पर दिए क्रिया शब्द पढ़वाएँ।
- ❖ अपना उदाहरण देते हुए बता सकती हैं कि आप पढ़ा रही हैं, यह क्रिया है तथा बच्चे पढ़ने का काम कर रहे हैं, ये भी क्रिया है।
- ❖ समझाएँ, क्रिया के बिना कोई वाक्य पूरा नहीं होता। क्रिया वाक्य के अंत में आती है तथा कभी-कभी वाक्य में दो क्रिया भी प्रयोग होती हैं।
- ❖ 'आपने सीखा' द्वारा पाठ विषय की दोहराई करवाएँ।
- ❖ पाठ अभ्यास करवाने में यथोचित सहायता करें।